# माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा जनपद बहराइच में 72 परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम में एन०आई०सी० बहराइच द्वारा तकनीकी सहयोग

शासन की दक्षता बढ़ाने के लिए प्रोद्योगिकी भी एक माध्यम है| भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) बहराइच जिला स्तर पर ई-गवर्नेंस और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह संगठन जिला स्तर पर न केवल सरकारी योजनाओं को डिजिटल रूप से सुलभ बनाता है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी तकनीकी सहायता प्रदान कर प्रशासनिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने एवं शासन की दक्षता बढ़ाने में अहम योगदान देता है।




किसी भी देश, काल की सरकार अपने क्षेत्रीय लोगों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करती है| इसी क्रम में आज दिनांक 21.07.2026 को उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में तेजवापुर विकास खंड के बेड़नापुर गाँव में अत्यल्प समय की सूचना पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करना जिनमें प्रमुख रूप से पुलों और सडकों के निर्माण एवं विकास कार्य शामिल हैं| इसके साथ ही 52 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया |

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, बहराइच को निर्बाध इंटरनेट कनेक्टिविटी, लाइव प्रसारण तथा ऑडियो-वीडियो समन्वय का दायित्व सौंपा गया । जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त इस अत्यल्प समय की सूचना पर NIC ने कार्यक्रम  की सफलता में अपनी भूमिका निभाई। किसी भी बड़े सरकारी कार्यक्रम में तकनीकी व्यवस्थाओं का सुचारु संचालन अत्यंत आवश्यक होता है, विशेषकर जब कार्यक्रम का स्थान ग्रामीण अंचल हो, जहां संसाधनों की उपलब्धता सीमित होती है।

NIC बहराइच की टीम ने प्रतिकूल परिस्थितियों का संज्ञान लेते हुए इस चुनौती को पूरी प्रतिबद्धता के साथ स्वीकार किया। योगेश कुमार यादव (जिला सूचना विज्ञान अधिकारी) के नेतृत्व में टीम ने कार्यक्रम स्थल पर समय से पूर्व पहुंचकर सभी आवश्यक तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। कार्यक्रम के दौरान निर्बाध इंटरनेट कनेक्टिविटी की स्थिरता बनाए रखना, ऑडियो-वीडियो उपकरणों का समुचित संचालन, कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुनिश्चित करना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना—ये सभी कार्य टीम द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न किए गए।

इस टीम में दीपक कुमार (अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी) तथा रमण कुमार गुप्ता एवं संदीप द्विवेदी ( नेटवर्क फील्ड इंजीनियर) भी शामिल रहें, जिन्होंने कार्यक्रम के समापन तक स्थल पर उपस्थित रहकर सभी सूक्ष्म तकनीकी आवश्यकताओं पर ध्यान दिया। उनकी सतर्कता और समर्पण के कारण कार्यक्रम बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपन्न हो सका| राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की यह भूमिका न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम भी है|

## Technical support provided by NIC Bahraich for the inauguration ceremony of 72 projects in Bahraich district by Hon'ble Chief Minister Yogi Adityanath

Technology serves as a vital tool for enhancing administrative efficiency. The National Informatics Centre (NIC), operating under the Government of India, plays a pivotal role in strengthening e-governance and information technology services in the Bahraich district. Beyond merely making government schemes digitally accessible at the district level, the organization contributes significantly to the smooth conduct of administrative operations and improved governance efficiency by providing technical support, including in rural areas where resources may be limited.




Governments across different eras and regions demonstrate their commitment to the welfare of their people through various schemes. In this context, on July 21, 2026, the district administration organized a significant event attended by the Honorable Chief Minister at Bednapur village in the Tejwapur Development Block of Bahraich district, Uttar Pradesh, on very short notice. The primary objective of the event was the inauguration of 19 development projects—predominantly involving the construction and development of bridges and roads—alongside the laying of foundation stones for another 52 projects.

To ensure the event's success, the district administration entrusted NIC Bahraich with the responsibility of managing seamless internet connectivity, live broadcasting, and audio-video coordination. Despite the short notice, NIC played a crucial role in the event's success. The smooth operation of technical arrangements is vital for any major government event, particularly in rural areas where resource availability is often constrained.

Acknowledging the challenging circumstances, the NIC Bahraich team accepted the task with full commitment. Led by District Informatics Officer Yogesh Kumar Yadav, the team arrived at the venue ahead of schedule and ensured all necessary technical arrangements were in place. Throughout the event, the team efficiently managed tasks such as maintaining stable, uninterrupted internet connectivity, operating audio-video equipment, ensuring a live broadcast, and coordinating among various departments.

The team also included Deepak Kumar (Additional District Informatics Officer) and Raman Kumar Gupta and Sandeep Dwivedi (Network Field Engineers), who remained present at the venue until the conclusion of the event, attending to every minute technical requirement. Thanks to their vigilance and dedication, the event was successfully concluded without any disruptions. This role played by the National Informatics Centre is not only significant from a technical standpoint but also represents a strong step towards realizing the vision of Digital India.